तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 8 मई 2026

12 शकुंतला साहू ने मेधावी सुरभि और देवचरण को क...



14 आद्या शक्ति महिला उत्थान संस्था, खोला पियाऊ घर





# 3.55 करोड़ की नहर लाइनिंग पर उठे सवाल, नहर या नाली बना चर्चा का विषय



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में जल संसाधन विभाग द्वारा कराए जा रहे नहर लाइनिंग कार्य को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। लगभग 3 करोड़ 55 लाख की लागत से बनाई जा रही नहर को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और नागरिकों ने कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं। लोगों का कहना है कि सिंचाई और जल संरक्षण के उद्देश्य से निर्मित नहर अब अपने मूल स्वरूप को खोकर संकरी नाली जैसी दिखाई देने लगी है। जानकारी के अनुसार जल संसाधन विभाग द्वारा 14 नंबर नहर की वितरण शाखा ▸▸ शेष पेज 13 पर

## जल संसाधन विभाग की कार्यप्रणाली पर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति



**विभाग ने दी सफाई:** विवाद बढ़ने के बाद जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्य स्वीकृत ड्राइंग-डिजाइन और उच्च अधिकारियों की अनुमति के आधार पर कराया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में नगर पालिका द्वारा नहर के ऊपर सड़क निर्माण की संभावना को ध्यान में रखते हुए संरचना तैयार की जा रही है।

### गुणवत्ता और डिजाइन पर भी सवाल

स्थानीय नागरिकों ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता तथा पर्याप्त क्योरिंग नहीं किए जाने को लेकर भी चिंता जताई है। लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों की अनदेखी की जा रही है। कई स्थानों पर नहर का चौड़ा स्वरूप समाप्त कर उसे संकरी संरचना में बदला जा रहा है, जिससे भविष्य में जल प्रवाह और सिंचाई क्षमता प्रभावित हो सकती है।

### भूजल रिचार्ज प्रभावित होने की आशंका

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि नहर केवल सिंचाई का साधन नहीं होती, बल्कि भूजल रिचार्ज का भी महत्वपूर्ण स्रोत होती है। ग्रामीणों के अनुसार जब नहर में पानी छोड़ा जाता है, तब आसपास के सूखे बोरवेल और कुओं में भी जलस्तर बढ़ जाता है। ऐसे में पूरी तरह कंक्रीट लाइनिंग किए जाने से पानी जमीन में रिस नहीं पाएगा, जिससे भविष्य में भूजल स्तर गिरने की आशंका बढ़ जाएगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद यह परियोजना जनहित के बजाय नुकसानदायक साबित हो सकती है। उनका कहना है कि लाइनिंग के नाम पर नहर के प्राकृतिक स्वरूप को समाप्त किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### आपदा पीड़ित परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत दो व्यक्ति के निकट परिजन प्रत्येक के लिए 4 लाख के मान से 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ति परिजन रूपाबाई ध्रुव पति स्व. विष्णु उर्फ मिथुन ध्रुव निवासी ग्राम बिटकुली तहसील भाटापारा एवं फलकुमारी पति गंगाराम यादव, निवासी ग्राम लच्छनपुर तहसील भाटापारा की तालाब के पानी में डूबने एवं सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट में 423 अभ्यर्थी हुए शामिल




**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा गुरुवार को आयोजित प्री पोलिटेक्निक टेस्ट जिले में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस परीक्षा में जिले के 423 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि 140 अनुपस्थित रहे।जानकारी के अनुसार परीक्षा आयोजन हेतु जिले में 2 केंद्र बनाए गए थे, जिसमें डीके कॉलेज बलौदाबाजार एवं मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार शामिल है। डी.के. कॉलेज में कुल 360 परीक्षार्थियों में से 287 उपस्थित एवं 73 अनुपस्थित थे। मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय केन्द्र में कुल 263 परीक्षार्थियों में से 196 उपस्थित एवं 67 अनुपस्थित थे। परीक्षा के दौरान प्रशासन द्वारा गठित उड़न दस्ता दल समय समय पर केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

**कारवाई :** जांच में निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक रेत का भंडारण पाया गया

# रेत के अवैध उत्खनन पर 12 मशीनें सील, भारी मात्रा में अवैध स्टॉक जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भैंसा

यहां से महज 12 किलोमीटर के अंतराल में आरंग ब्लॉक क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन और भंडारण के खिलाफ सेंट्रल माइनिंग टीम ने मंगलवार को बड़ी और सख्त कार्रवाई की है। चिखली, कुरूद, हरदीडीह और समोदा सहित कई प्रमुख स्थानों पर की गई इस औचक दबिश से रेत माफियाओं के नेटवर्क में हड़कंप मच गया है। इस कार्रवाई के दौरान अवैध खनन में लिप्त 12 चेन माउंटेन मशीनों को मौके पर ही सील कर दिया गया है। जांच टीम ने पाया कि रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक में बहुत बड़ा अंतर है और निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक रेत का भंडारण किया गया था। इसके साथ ही, रेत के इस अवैध भंडारण और खनन के कारण महानदी को कृत्रिम रूप से मोड़ने की कोशिश के संकेत भी मिले हैं, जहां नदी के कई किलोमीटर के हिस्से में हजारों घन मीटर रेत का अवैध स्टॉक नज़र आ रहा है। वहीं, शिकायतकर्ता

## सेंट्रल माइनिंग टीम ने लिया मामले का संज्ञान



### कार्रवाई के बाद फिर शुरू हुआ अवैध खनन

लेकिन प्रशासन की कार्रवाई के मात्र दूसरे दिन बाद ही माफियाओं ने फिर से भारी मशीनों के जरिए रात के समय शाम 6 बजे के बाद पूरी रात अवैध खनन शुरू कर दिया था। स्थानीय स्तर पर हो रही इस अनदेखी के बाद मामले को राज्य के आला अधिकारियों और सेंट्रल माइनिंग टीम के संज्ञान में लाया गया, जिसके बाद यह बड़ी कार्रवाई की गई है। टीम ने स्पष्ट किया है कि खदान संचालन और रेत भंडारण में नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी ऐसी ही सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### नियम तोड़ने वाले ठेकेदारों को नोटिस

नियम तोड़ने वाले ठेकेदारों और स्टॉक संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। यह कार्रवाई अचानक नहीं हुई है, बल्कि इसके पीछे एक लंबी प्रशासनिक जद्दोजहद रही है। आम आदमी पार्टी के नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य परमानंद जांगड़े ने इस अवैध कारोबार के खिलाफ जिला प्रशासन को लगातार शिकायतें सौंपी थीं।पहले भी जिला प्रशासन ने 6 चेन माउंटेन मशीनों को सील किया था।

# हत्या का प्रयास, दो आरोपियों को सात वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

थाना गिधपुरी क्षेत्र में हुए हत्या के प्रयास के मामले में सत्र न्यायालय बलौदाबाजार ने दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी ने मुख्य आरोपी विद्याचरण को सात वर्ष के कठोर कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है, जबकि सहआरोपी धनीराम को एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है।

- घरेलू विवाद के दौरान हिंसक झड़प की घटना
- 11 गवाहों की गवाही के बाद न्यायालय का निर्णय

सरकारी लोक अभियोजक थानेश्वर वर्मा के अनुसार घटना पिछले वर्ष 10 नवंबर की सुबह लगभग 6.15 बजे की है। पीड़ित प्रतिदिन की तरह टहलकर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान घर के पास आरोपी विद्याचरण ने लोहे के दाव से उस पर प्राणघातक हमला कर दिया। आरोप है कि विद्याचरण और उसके पिता धनीराम घायल को घसीटते हुए अपने घर के भीतर ले गए, जहां धनीराम दरवाजे पर खड़े होकर रास्ता रोकता रहा और विद्याचरण लगातार हमला करता रहा।

घटना की रिपोर्ट पीड़ित के पुत्र द्वारा थाना गिधपुरी में दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 109(1), 3(5) तथा आयुध अधिनियम की धारा 25(1-बी)(बी) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया। विवेचना के बाद न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया।

मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 11 साक्षियों के बयान दर्ज कराए गए। अंतिम बहस में लोक अभियोजक थानेश्वर वर्मा ने न्यायालय के समक्ष तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के बयान, चिकित्सकीय साक्ष्य तथा ▸▸ शेष पेज 13 पर

### लोहे के दाव से हमला, व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

घटना के दौरान पीड़ित की बहू गली में झाड़ू लगा रही थी। शोर सुनकर वह मौके पर पहुंची और परिवार के अन्य सदस्यों को जानकारी दी। इसके बाद पीड़ित का पुत्र मौके पर पहुंचा। प्रारंभ में गली में कोई दिखाई नहीं दिया, लेकिन आरोपी के घर से मारपीट की आवाज सुनाई देने पर उसने दरवाजा खोलकर भीतर प्रवेश किया। वहां आरोपी विद्याचरण पीड़ित के सिर पर लोहे के दाव से लगातार वार कर रहा था। बीच-बचाव कर घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। हमले में पीड़ित के सिर, गाल और हाथ में गंभीर चोटें आई थीं। चिकित्सकीय परीक्षण में यह भी स्पष्ट हुआ कि समय पर उपचार नहीं मिलने पर उसकी जान जा सकती थी।

# यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता और चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गिधौरी

यातायात जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना, हेलमेट/सीटबेल्ट के उपयोग को प्रोत्साहित करना और हादसों में कमी लाने के लिए लोगों को ट्रैफिक नियमों (जैसे ओवर स्पीडिंग न करना, रेड लाइट जंप न करना) के प्रति शिक्षित करना है। ये अभियान स्कूल, पुलिस और सामाजिक संगठनों के माध्यम से रैलियों, संवाद और सोशल मीडिया द्वारा चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 7 मई को पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा के कुशल निर्देशन में कसडोल यातायात द्वारा



ग्राम गिधौरी में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान अभियान में लोगों को मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की सलाह दिया गया। किशोरावस्था से ही बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी मिलना आवश्यक है। जिनका समाधान यातायात पुलिस द्वारा सरल और व्यवहारिक तरीके से किया गया। पुलिस टीम ने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं सुरक्षित रहें और अपने परिवार एवं समाज को जागरुक करे।

### बिना हेलमेट वाहन नहीं चलाने की दी हिदायत

यदि प्रत्येक नागरिक यातायात नियमों का पालन करे, तो निश्चित ही अधिकांश सडक दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। पुलिस टीम द्वारा वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के गंभीर परिणामों को समझाया गया। साथ ही हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवर स्पीडिंग से बचाव, नशे की हालत में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा यातायात संकेतों का पालन करने पर विशेष जोर दिया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जैसे आयोजन विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

# रेलवे ब्रिज को छोड़ पटरी पार करने पर 352 लोगों पर कारवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

आरपीएफ पोस्ट भाटापारा द्वारा यात्री सुरक्षा और असामाजिक गतिविधियों को रोकने रेल्वे स्टेशन क्षेत्र में पूरी तरह मुस्तैदी से ड्यूटी कर हर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख कार्रवाई जारी है। वहीं समय समय पर जांच कार्रवाई का अभियान भी रेलवे चलाती है। इसी के चलते अप्रैल में आरपीएफ पोस्ट द्वारा जांच अभियान में अनाधिकृत रूप से रेल्वे ब्रिज का इस्तेमाल न कर पटरीपार करने वाले 352 लोगों पर कार्रवाई करते हुए प्रतिव्यक्ति 500 रूपये जुर्माना किया गया। वहीं लोकल ट्रेनों में महिलाओं के लिए आरक्षित बोगी में अवैध रूप से यात्रा करने वाले 222 लोगों पर कार्रवाई करते हुए टिकट रद्द कर 100 रूपये प्रति व्यक्ति जुर्माना किया गया। वहीं आरक्षित बोगी में अनाधिकृत रूप से दूसरे के बर्थ में ▸▸ शेष पेज 13 पर

- वसूला 500-500 रुपए का जुर्माना

### चैन पुलिंग करने वाले 34 लोगो पर कार्रवाई

इसके अलावा चैन पुलिंग करने वाले 34 लोगों पर प्रतिव्यक्ति 1000 रूपये जुर्माना एवं नो पार्किंग जोन में दुपहिया वाहन, चार पहिया वाहन वालों के खिलाफ प्रकरण बनाये गये। इस संबंध में आरपीएफ पोस्ट के सब इंस्पेक्टर सीएस मिश्रा ने बताया कि इन सभी प्रकरणों में जुर्माना के अलावा जेल का भी प्रावधान भी है। वहीं अवैध वेंडर जो कि किसी भी श्रेणी में चढ़कर सामान बेचते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। मिश्रा ने बताया कि रेल्वे द्वारा अप्रैल माह में यह अभियान चलाया गया और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**बरदा धान खरीदी केंद्र में गड़बड़ी उजागर, प्रबंधन के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा**

# खरीदी केंद्र में स्टॉक शून्य, 600 बोरी धान का अवैध परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लवन

धान खरीदी केन्द्रों में धान उठाव एवं धान रिक्त होने को लेकर अनेक धांधलियां होने की खबर सुनने आ रही है। जहां अधिकारियों की मिली भगत से यह खेल खेला गया है। पता चला है कि जिस सहकारी समिति के खरीदी केन्द्रों में संबंधित प्रबंधक और प्राधिकृत अधिकारी से लेन देन का सौदा नहीं हुआ, वहां शतप्रतिशत उठाव होने के बाद भी सार्टेज बताया जा रहा है। वहीं अनेक केन्द्रों में मिली भगत हुई है, वहां धान केन्द्र में रहते हुए भी स्टाक शून्य बताकर शेष बचे धान की प्राधिकृत अधिकारी एवं समिति प्रबंधक के- मिली भगत से चोरी छीपे वाहन के बपैर परमीट के खुलेआम दबाव पूर्वक धान को बिक्री हेतु अन्यत्र ले जाने की घटना सामने आई है।

ग्राम बरदा के शिकायतकर्ता चिंताराम





बंजारे, धनु जांगड़े, गेंद राम वर्मा और कमल नारायण ने जिला कलेक्टर लिखित आवेदन दिया कि लवन शाखा अंतर्गत सेवा सहकारी समिति बरदा पंजीयन क्रमांक 426 के धान खरीदी केन्द्र में 30 अप्रैल की स्थिति में धान उठाव पूर्ण होने के साथ स्टाक शुन्य बताया गया था। लेकिन दो दिन बाद 2 मई को एक बडी वाहन माजदा क्रमांक सी.जी. 4 जे.ए./7625 में बगैर परमीट के चालक स्वयं हमाल (मजदूर) लेकर सहकारी समिति के धान खरीदी केन्द्र में पहुंच गया। जहां समिति के अधिकारी एवं पदाधिकारी भी उपस्थित थे। वहां उपस्थित कुछ जानकार लोगों के द्वारा वाहन अंदर जाने एवं धान लें जानें को लेकर धान परिवहन की परमीट पुछा गया। जिस पर चालक के द्वारा परमीट नहीं होने की बात कही गई। लेकिन परमीट नहीं होने के बाद भी उपस्थित ▸▸ शेष पेज 13 पर

### प्रत्येक बोरे में 40.900 किलो धान किसानों से लिया गया

वहीं दूसरी ओर यह भी पता चला है कि समिति के धान खरीदी केन्द्रों में 40 किलो 600 ग्राम लेने का प्रावधान हैं। परंतु बरदा धान खरीदी केन्द्र में 40 किलो 900 ग्राम धान किसानों से लिया गया है। इस प्रकार नियम विरूद्ध किसानों के साथ बैमानी कर धान खरीदी की गई थी और इसी अतिरिक्त धान को छुपाकर शायद रखा रहा होगा जिसे चोरी छिपे बेचा जा रहा है।

### मेरे पास नहीं पहुंची शिकायत

इस संबंध कुमार गुप्ता आयुक्त एवं उपपंजीयक सहकार्य बलौदाबाजार से पूछे जाने पर कहा कि शिकायत मेरे पास नहीं पहुंची है। शिकायत पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

# सात हजार की शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जिला आबकारी क़ी टीम द्वारा अवैध मदिरा पर कार्रवाई करते हुए 7100 रुपए के अवैध शराब जब्त की है।

जानकारी के अनुसार बुधवार को वृत्त बलौदाबाजार में आबकारी विभाग द्वारा आरोपी शिवकुमार कुर्रे पिता कन्हैया लाल कुर्रे 47 वर्ष ग्राम रसेड़ा थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के कब्जे से 40 पौवा कुल 7.200 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 4,000 होना पाया गया। इसी प्रकार गुरुवार को वृत्त सिमगा में आबकारी विभाग द्वारा आरोपी धर्मेंद्र वर्मा ग्राम मोहभट्ठा थाना हथबंद के कब्जे से 31 पाव कुल 5.58 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य



3,100 रुपए होना पाया गया।

आरोपी शिवकुमार कुर्रे पिता कन्हैया लाल कुर्रे एवं धमेन्द्र वर्मा के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) 59 (क) का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, आबकारी मुख्य आरक्षक राधागिरी गोस्वामी, नगर सैनिक दुर्गा ध्रुव, राजकुमार पैकरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने पदभार ग्रहण किया

**बिलाईगढ़।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2016 बैच की आईएएस पद्मिनी भोई साहू ने गुरुवार को



कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ का पदभार ग्रहण की और वित्तीय प्रभार से जुड़े रजिस्टर में हस्ताक्षर की। वे इसके पूर्व संचालक कोष एवं लेखा, संचालक पेंशन एवं पंजीयक, फर्म एवं संस्थाएं के पद पर कार्यरत थीं। इस दौरान जिले के अधिकारीगण, सीईओ जिला पंचायत, डिप्टी कलेक्टर आदि उपस्थित थे।

### अपेक्स बैंक के एमडी काण्डे प्रतिनियुक्ति से वापस बुलाए गए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के सहकारिता विभाग ने आज एक महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए प्रशासनिक स्तर पर बदलाव किया है। आदेश के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) के प्रबंध संचालक केएन काण्डे की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर उन्हें मूल विभाग में वापस बुला लिया गया है। श्री काण्डे को प्रतिनियुक्ति से वापस लेते हुए आगामी आदेश तक कार्यालय आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं, नवा रायपुर में पदस्थ किया गया है। श्री काण्डे 14 जुलाई 2020 से अपेक्स बैंक, रायपुर में प्रबंध संचालक के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। सहकारिता विभाग द्वारा यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। लगभग 6 वर्षों के सफल कार्यकाल के बाद श्री काण्डे अब सहकारिता आयुक्त कार्यालय में अपनी नई जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे।

### 9 को नेशनल लोक अदालत

**रायपुर।** भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आम जनता तक पहुचने तथा आपसी सहभागिता एवं सहमति से विवादों के समाधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समाधान समारोह विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह आगामी 9 मई को नेशनल लोक अदालत आरंभ होकर 21, 22 एवं 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत के माध्यम से लंबित मामलों का निराकरण सम्पन्न होगा।

### रामलला दर्शन के लिए रवाना हुए 850 श्रद्धालु

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महत्वाकांक्षी रामलला दर्शन योजना के तहत रायपुर संभाग के 850 श्रद्धालु एक विशेष ट्रेन से अयोध्या धाम और काशी विश्वनाथ के दर्शन हेतु रवाना हुए। रायपुर रेलवे स्टेशन पर विदाई का दृश्य ऐसा था, मानो पूरा शहर भक्ति के रस में डूब गया हो। रामलला दर्शन योजना आज छत्तीसगढ़ में केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-जन की आस्था का सेतु बन चुकी है।

### वेंकटेश्वरलु होंगे एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी

**रायपुर।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के क्षेत्रीय कार्यालय में आर. वेंकटेश्वरलु ने नए क्षेत्रीय अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। वे इससे पूर्व ओडिशा के कोरापुट में प्रोजेक्ट डायरेक्टर के रूप में पदस्थ थे। वहीं निवर्तमान क्षेत्रीय अधिकारी प्रदीप कुमार लाल अब क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर (ओडिशा) में क्षेत्रीय अधिकारी पदस्थ किए गए हैं। नए क्षेत्रीय अधिकारी का पदभार ग्रहण करने के बाद आर. वेंकटेश्वरलु ने कहा, छत्तीसगढ़ में एनएचएआई द्वारा संचालित परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य तथा समयबद्ध लक्ष्यों की प्राप्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

### अवैध रेत खनन पर कांग्रेस आरोप- भाजपा सरकार के संरक्षण में फल-फूल रहा भ्रष्टाचार

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने आरंग एवं अभनपुर क्षेत्र में जारी अवैध रेत खनन और भंडारण को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा, सेंट्रल माइनिंग टीम द्वारा चिखली, कुरुद, हरदीडीह सहित कई रेत खदानों में अचानक दबिश दी गई। इसमें 12 चेन माउंटेन मशीनों को जब्त कर सील किया गया।

# सैनिकों और उनके परिवारों को 25 लाख तक की संपत्ति खरीद पर स्टाम्प शुल्क में 25 फीसदी की छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के सेवारत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और उनकी विधवाओं के कल्याण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। राज्य शासन के वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग द्वारा अब इन श्रेणियों के व्यक्तियों को राज्य में अचल संपत्ति खरीदने पर स्टाम्प शुल्क में 25 प्रतिशत की भारी छूट प्रदान की जाएगी।

### छूट के लिए प्रमुख शर्तें और पात्रता

खास बात ये है कि यह रियायत 25 लाख रुपयों तक की संपत्ति के मूल्य पर लागू होगी। यदि संपत्ति का मूल्य 25 लाख से अधिक है, तो अतिरिक्त राशि पर नियमानुसार सामान्य स्टाम्प शुल्क देय होगा। इस छूट का लाभ पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में केवल एक बार ही लिया जा सकेगा। लाभ उठाने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी प्रमाणपत्र



### देना होगा शपथपत्र और प्रमाण

क्रेता को इस आशय का एक शपथपत्र देना होगा कि उन्होंने पहले इस छूट का लाभ नहीं लिया है। साथ ही, सेवारत सैनिक, भूतपूर्व सैनिक या विधवा होने से संबंधित वैध सैन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। यह निर्णय भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 की धारा 9 की उप-धारा (1) के खंड (क) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए लिया गया है। राज्य सरकार के इस कदम से उन हजारों सैन्य परिवारों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा जो राज्य में अपना घर या जमीन खरीदने की योजना बना रहे हैं।

### महिलाओं के नाम जमीन रजिस्ट्री पर 50 प्रतिशत की छूट

छत्तीसगढ़ की आधी आबादी को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और संपत्ति का स्वामी बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में सरकार ने महिलाओं के नाम पर होने वाले भूमि रजिस्ट्रेशन (पंजीयन) शुल्क में 50 प्रतिशत की कटौती करने का निर्णय लिया है। इस महत्वपूर्ण फैसले की आधिकारिक अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर दिया कि जमीन के स्वामित्व से महिलाओं के भीतर आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे आर्थिक रूप से अधिक सुरक्षित महसूस करेंगी। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इस योजना के आर्थिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा। रजिस्ट्रेशन शुल्क में इस रियायत से राज्य सरकार को लगभग 153 करोड़ रुपये के राजस्व का भार आएगा। वित्त मंत्री के अनुसार, यह कोई राजस्व हानि नहीं बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा निवेश है, जिसके दूरगामी सामाजिक परिणाम होंगे।

## लगे बिजली चोरी और अवैध खनन के आरोप

# जोक नदी जीर्णोद्धार कार्य में गड़बडी : 5.84 करोड़ के प्रोजेक्ट में गुणवत्ता को ठेंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

जल संसाधन विभाग अंतर्गत उपसंभाग गिरौदपुरी में जोक नदी पर 584.11 लाख रुपये की लागत से चल रहे जोक व्यपवर्तन शीर्ष कार्य के जीर्णोद्धार एवं डाउनस्ट्रीम तटबंध निर्माण में भारी भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों ने ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से कार्य में लापरवाही और अनियमितताओं का गंभीर आरोप लगाया है।

घटिया निर्माण पर उठे सवाल ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में तय मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है। ठेकेदार विक्रम खंडेलवाल द्वारा उपयोग किए जा रहे मटेरियल की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि कम मात्रा और निम्न स्तर की सामग्री का उपयोग कर कार्य किया जा रहा है, जिससे डैम और तटबंध की मजबूती पर खतरा मंडरा रहा है।इतनी बड़ी लागत से बन रहे इस प्रोजेक्ट में गुणवत्ता से समझौता भविष्य में बड़े नुकसान का कारण बन सकता है। प्रतिबंध के बावजूद रेत खनन मामले में सबसे गंभीर आरोप यह है कि निर्माण में उपयोग की जा रही रेत प्रतिबंध के बावजूद अवैध रूप से खनन और परिवहन की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार वन विभाग द्वारा स्पष्ट प्रतिबंध के बावजूद ठेकेदार खुलेआम रेत उत्खनन कर रहा है और उसी का उपयोग निर्माण कार्य में किया जा रहा है। इससे शासन को लाखों रुपये की रॉयल्टी का नुकसान हो रहा है। बिजली चोरी का भी आरोप निर्माण








कार्य में उपयोग की जा रही बिजली को लेकर भी बड़ा खुलासा हुआ है। आरोप है कि ठेकेदार द्वारा ग्राम पंचायत अर्जुनी से बिजली चोरी कर काम चलाया जा रहा है। मौके पर जनरेटर होने के बावजूद उसका उपयोग नहीं किया जा रहा जबकि विभागीय कर्मचारी जनरेटर से बिजली लेने का दावा कर रहे हैं। वन विभाग की भूमिका पर सवाल जब क्षेत्र में रेत खनन पर प्रतिबंध है तो फिर वन परिक्षेत्र अर्जुनी के अंतर्गत यह अवैध गतिविधि कैसे जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि या तो वन विभाग को जानकारी नहीं है या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है। बिना साइन बोर्ड के शुरू हुआ काम निर्माण कार्य शुरू हुए एक सप्ताह बीत चुका है लेकिन अब तक सूचना पटल (साइन बोर्ड) नहीं लगाया गया है। नियम के अनुसार कार्य प्रारंभ होने से पहले प्रोजेक्ट की पूरी जानकारी बोर्ड पर प्रदर्शित की जानी चाहिए लेकिन यहां ऐसा नहीं किया गया।

### नोटिस जारी किया गया है

अधिकारियों के बयान वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि जानकारी मिलते ही खनन रुकवाकर नोटिस जारी किया गया है और 7 दिनों में जवाब मांगा गया है। वहीं अनुविभागीय अधिकारी गिरौदपुरी ने खनन बंद कराने बिजली कटवाने और निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराने की बात कही है। बड़ा सवाल जब अधिकारियों की मौजूदगी में ही यह सब हो रहा था तो कार्रवाई पहले क्यों नहीं हुई, क्या जांच सिर्फ औपचारिकता बनकर रह जाएगी या इस मामले में ठोस कार्रवाई होगी। फिलहाल पूरे मामले में प्रशासन की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं ।

# अब किसानों को ई - उर्वरक प्रणाली से मिलेगी खाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य शासन के मंशानुसार राज्य में शीघ्र ही ई-उर्वरक वितरण प्रणाली लागू किया जाना प्रस्तावित है। इसी योजना के तहत कृषकों को उनके रकबा के अनुसार इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा अनुशंसित उर्वरक प्रदाय किया जाएगा। इसके तहत विभिन्न प्रकार के 9 उर्वरकों का समूह तैयार किया गया है, जिसे कृषक भूमि की आवश्यकता एवं उपलब्धता के आधार पर क्रय कर सकता है। इस योजना की विस्तृत जानकारी दिए जाने हेतु सहकारी समितियो के लिए ऑनलाइन मीटिंग आयोजित किया गया जिसमें उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक, उप संचालक सहकारी संस्थाएं उमेश कुमार गुप्ता,नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जी एन साहू, अनुविभागीय कृषि अधिकारी जय इंद्र कंवर उपस्थित थे।

- सहकारी समितियों में 22810 मेट्रिक टन खाद भण्डारित

उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा समिति प्रबंधकों को अनुशंसित उर्वरकों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा अनुशंसा अनुसार रासायनिक उर्वरकों के साथ-साथ नैनो यूरिया तथा नैनो डीएपी के उपयोग के सम्बन्ध में अवगत कराया गया । इफको कंपनी के प्रतिनिधि राजेश कुमार गोले द्वारा समिति प्रबंधकों को नैनो यूरिया एवं डीएपी के उपयोग की विधि की विस्तृत जानकारी दी गई तथा समिति प्रबंधकों के प्रश्नों का भी जवाब दिया गया। वर्तमान में जिले के सहकारी समितियों में 22810 मेट्रिक टन खाद का भण्डारण किया जा चुका है जिसे कृषक अनुसंशा अनुसार उठाव कर सकते है।समिति प्रबंधकों को सलाह दिया गया है कि उर्वरकों का वितरण केवल पॉस मशीन के माध्यम से ही किया जाए तथा पॉस मशीन में प्रदर्शित स्कंध एवं भौतिक स्कंध सदैव समान रहे।

## शकुंतला साहू ने मेधावी सुरभि और देवचरण को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

ग्राम कोरदा के होनहार विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपने गांव और अंचल का नाम रोशन किया। ग्राम कोरदा की मेधावी छात्रा सुरभि ने 10वीं बोर्ड में 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है, वहीं छात्र देवचरण ने 12वीं बोर्ड में 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। इन छात्र-छात्राओं की इस विशेष उपलब्धि पर क्षेत्र की पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव शकुंतला साहू ने ग्राम कोरदा पहुंचकर दोनों विद्यार्थियों को शॉल भेंटकर एवं पुष्पहार पहनाकर उनका आत्मीय सम्मान किया तथा अपने हाथों से मिठाई खिलाकर उनकी इस सफलता का जश्न मनाया। इस गौरवमयी अवसर पर शकुंतला साहू ने बच्चों के उज्ज्वल और स्वर्णिम भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल के बच्चों में असीम प्रतिभा है और इस सफलता के पीछे उनके शिक्षकों का उत्कृष्ट मार्गदर्शन तथा पालकों का अथक परिश्रम व समर्पण है। पूर्व विधायक ने इस



शानदार परीक्षा परिणाम के लिए दोनों विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके मार्गदर्शक शिक्षकों और पालकों को भी विशेष रूप से बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से देवीलाल बार्वे पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन, प्रताप डहरिया पूर्व सोसायटी अध्यक्ष सरखोर, मृत्युंजय वर्मा पूर्व सोसायटी अध्यक्ष डोंगरा, रज्जू वर्मा, मानसिंह वर्मा, आशा निराला, केवल वर्मा, रमेश वर्मा, महेश वर्मा, शैलेन्द्र वर्मा, यशोदा वर्मा उपस्थित थे।

## भाजपा ग्रामीण मंडल ने बैठक में बूथ सशक्तीकरण पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम रवान में भाजपा ग्रामीण मंडल बलौदाबाजार की मासिक बैठक हुई। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, आगामी कार्यक्रमों तथा जनसमस्या निवारण शिविर की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेत्री स्व. शांति वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।बैठक में आगामी जनसमस्या निवारण शिविर को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को चिन्हित करने तथा अधिक से अधिक ग्रामीणों को शिविर में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं और उन्हें जनता के बीच रहकर सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। बैठक में प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में मंडल बैठक, द्वितीय एवं तृतीय सप्ताह में शक्ति केंद्र बैठक तथा चतुर्थ सप्ताह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को बूथ स्तर पर सुनने की रूपरेखा तय की गई। साथ ही आगामी



संगठनात्मक कार्यक्रमों के लिए कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं।बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष रविशंकर वर्मा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी दिनेश साहू, जिला सह मीडिया प्रभारी मदन वर्मा, जिला संयोजक विधि प्रकोष्ठ रेवाराम साहू, गंगा दास मधुकर, जवाहर वर्मा, महामंत्री विष्णु साहू, मुरारी कन्नौजे, लक्ष्मीकांत वर्मा, परेश वैष्णव, सेवकराम साहू, डॉ. गुलपत ध्रुव, गजेंद्र नायक, उर्मिला वर्मा सहित बड़ी संख्या में मंडल पदाधिकारी, मोर्चा-प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## बीते वित्तीय वर्ष में मोतियाबिंद के 2141 ऑपरेशन, चार साल से लगातार बढ़ रहे आंकड़े

# छग ही नहीं एमपी, महाराष्ट्र, ओडिशा के मरीजों को रोशनी लौटा रहा माना का आई-हास्पिटल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोविड महामारी के बाद नेत्र अस्पताल में तब्दील माना हास्पिटल छत्तीसगढ़ ही नहीं एमपी, महाराष्ट्र और ओडिशा के मरीजों की रोशनी लौटा रहा है। बीते चार साल से यहां होने वाला मोतियाबिंद की सर्जरी के आंकड़े लगातार बढ़ रहे हैं। बीते वित्तीय वर्ष यानी 2025-26 में 2114 ऑपरेशन पूरा किया है। यहां टेरिजियम और फॉरेन बॉडी जैसे नेत्र रोग का इलाज भी किया जा रहा है। माना के सिविल अस्पताल को महामारी के दौरान



कोविड संक्रमितों के इलाज के लिए उपयोग किया गया था। इसके बाद इसका उपयोग पहले शासकीय नेत्र हास्पिटल के रूप में किया जाने लगा। अब इसे 150 बिस्तर के प्रांतीय नेत्र संस्थान के रूप में देकर नेत्र रोगियों को इलाज की सुविधा दी जा रही है। अंधत्व निवारण कार्यक्रम के जिला नोडल अफसर डा. समता रंगारी ने बताया कि यहां आधुनिक तकनीक स्माल इंसीजन कैटरेक्ट सर्जरी एवं फेको पद्धति से नेत्र शल्य क्रियाएं पूरी की जा रही हैं। यहां मोतियाबिंद के अलावा टेरेजियम यानी कार्निया में आने वाल मांस के टुकड़े आने और फॉरेन बॉडी यानी आंखों में कचरा अथवा कोई दूसरी वस्तु के घुसने संबंधी समस्या का इलाज भी किया जाता है। माना के नेत्र चिकित्सालय में रायपुर के साथ दुर्ग, गरियाबंद, बेमेतरा, बलौदाबाजार जिलों के मरीज और दूसरे राज्यों ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश एवं बिहार से भी मरीज आकर उपचार प्राप्त कर रहे हैं। विशेष रूप से गरियाबंद जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों जैसे मैनपुर एवं देवभोग विकासखंड के मरीजों को भी इस संस्थान में इलाज की सुविधा मिल रही है।

### विशेष क्लीनिक भी

माना के नेत्र हास्पिटल में विभिन्न बीमारयों के इलाज के लिए अलग-अलग दिन विशेष क्लीनिक संचालित की जाती है। इसमें प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। प्रत्येक सोमवार को ग्लूकोमा क्लिनिक, गुरुवार को रेटीना क्लिनिक तथा शनिवार को पीडियाट्रिक ऑप्थाल्मोलॉजी क्लिनिक का आयोजन किया जाता है। विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों से भी मरीज यहां इलाज के लिए रेफर किए जाते हैं।

### नेत्र संबंधी विभिन्न उपचार की सुविधा

जिला प्रशासन के सहयोग से माना में आई हास्पिटल का संचालन किया जा रहा है। यहां मरीजों को आधुनिक मशीनों के माध्यम से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मोतियाबिंद से संबंधित ऑपरेशन भी यहां काफी संख्या में किए जा रहे हैं।

\- डा. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ रायपुर

### मोतियाबिंद की सर्जरी

| वर्ष | कुल ऑपरेशन |
|---|---|
| 2022-23 | 1552 |
| 2023-24 | 1463 |
| 2024-25 | 2071 |
| 2025-26 | 2141 |

## बरौंडा में मनरेगा रोजगार दिवस मना



बंगोली। जनपद पंचायत तिल्दा जिला पंचायत रायपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरौंडा में मनरेगा रोजगार दिवस मनाया गया । ग्राम रोजगार सहायक जगदेव कंडरा की जानकारी से माह के प्रत्येक 7 तारीख को रोजगार दिवस का आयोजन के तहत प्रगतिरत मनरेगा कार्य-फुलवारी तालाब गहरीकरण में 84 मनरेगा श्रमिक सहित ग्रामवासियों के बीच रोजगार दिवस मनाया गया । रोजगार दिवस पर पीएम आवास व मुख्यमंत्री आवास के हितग्राहियों को निर्मित आवास में अति शीघ्र ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने हेतु प्रेरित किया गया तथा ग्रामीण आवास पर 90 दिवस की हाजरी व मजदूरी राशि पर विशेष चर्चा साथ ही क्यूआर कोड के माध्यम से मनरेगा एवं आवास पीएमएवाई ग्रामीण की पूरी जानकारी मिलने की जानकारी दिया गया । जल संरक्षण एवं जल संवर्धन तथा मोर गांव मोर पानी, मोर तरिया अभियान के तहत नवा तरिया,डबरी निर्माण व तरिया से आय की जानकारी साझा किया गया। चॉवल महोत्सव के अंतर्गत उपस्थित ग्रामिणों को नया राशन कार्ड बनवाना, कार्ड में नाम जोड़ने का कार्य सचिव सुरेंद्र कुमार पटेल द्वारा ग्राम पंचायत में किया जा रहा है कि जानकारी दी गई ।

## खबर संक्षेप



### भाजपा में अनिल कुमार बने महामंत्री

**हिरमी रावन।** भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल में अनिल कुमार वर्मा को महामंत्री बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं एवं मित्रगणों में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर सभी ने उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी तथा संगठन में नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई प्रेषित की। बधाई देने वालों में मनीष कुमार वर्मा, संदीप कुमार वर्मा, लक्की वर्मा, भूषण वर्मा, परमेश्वर वर्मा, दीपक वर्मा, बंटी धुरंधर, अंगद वर्मा, जीतू वर्मा, हिमांग, सूशांक एवं धैर्य सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बंगाल चुनाव में वंचित समाज ने तुष्टीकरण को नकारा

**बलौदाबाजार।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े और अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों पर हर्ष व्यक्त किया है। दोनों नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा कि शोषित और आदिवासी समाज अब विकास की



मुख्यधारा से जुड़ चुका है। बंगाल की 84 अनुसूचित जाति एवं जनजाति सीटों में से भाजपा ने 67 सीटों पर शानदार जीत दर्ज की है, जबकि तृणमूल कांग्रेस मात्र 17 सीटों पर सिमट गई। नेताओं ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर जनता की मुहर बताया है। सत्यनारायण सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन केवल भ्रम फैलाकर वोट बैंक की राजनीति करते हैं, जिसे जनता ने पूरी तरह खारिज कर दिया है। भाजपा नेताओं ने इस जीत को कार्यकर्ताओं की मेहनत और समाज के हर वर्ग का भाजपा के प्रति बढ़ते विश्वास का परिणाम बताया है।

### सशिमं में प्रभारी प्राचार्य प्रशिक्षण



**खरोरा।** सरस्वती शिक्षण संस्थान ने प्रभारी प्राचार्यों का प्रशिक्षण वर्ग, सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा.वि. रोहिणीपुरम रायपुर में रखा है। आज का उद्घाटन सत्र प्रांतीय संगठन मंत्री डॉक्टर देवनारायण साहू एवं जुड़ावन सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष, मध्य क्षेत्र (विद्या भारती) के आतिथ्य एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। चंद्रकुमार डडसेना, प्रांत प्रमुख सेवा क्षेत्र की शिक्षा के द्वारा वक्ता द्वय को तिलक लगाकर, श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। यह प्रशिक्षण वर्ग दिनांक 5 से 20 मई तक चलेगा जिसमें विविध विषयों के विशेषज्ञों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण वर्ग में 16 दीदियां एवं 24 आचार्य समेत पूरे प्रांत से चयनित 40 प्रभारी प्राचार्य, प्राचार्यां उपस्थित है।

### कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा एवं नपा अध्यक्ष अशोक जैन ने हितग्राहियों को किया लाभान्वित

# सुशासन तिहार के शिविर में उमड़ी भीड़, 234 आवेदन प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में सुशासन तिहार-2026 के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने वार्डवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी निरीक्षण किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस में वार्ड 1, 2, 3, 4, 5, 6 एवं 21 के नागरिकों से मांग एवं शिकायत संबंधी कुल 234 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गृह प्रवेश हेतु मकानों की चाबियां, स्वच्छता कर्मियों को सुरक्षा किट, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि राज्य शासन की मंशा अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की है। उन्होंने नागरिकों से शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील करते हुए सुशासन तिहार, सरकार तुंहर द्वार अभियान को जनहितकारी पहल बताया। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने मंत्री का स्वागत करते हुए शिविर की गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर कुलदीप शर्मा, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, अनुविभागीय अधिकारी प्रकाश चंद्र कोरी, पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले, राजू सलूजा, जितेंद्र डडसेना, रवि वर्मा, राकेश ध्रुव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने बताया कि शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। मिशन क्लीन सिटी अभियान के अंतर्गत स्वच्छता दीदियों को स्वच्छता किट प्रदान की गई, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कई हितग्राहियों को गृह प्रवेश के लिए मकानों की चाबियां सौंपी गईं।शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा जन सुविधाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए थे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण किया गया। एनआईसी विभाग ने 10 हितग्राहियों के आधार कार्ड बनाए, स्वास्थ्य विभाग ने 5 लोगों के आयुष्मान कार्ड तैयार किए तथा महिला एवं बाल विकास विभाग ने 80 हितग्राहियों का महतारी वंदन योजना के अंतर्गत केवाईसी किया। इसके अलावा 48 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गईं।सुशासन तिहार के इस आयोजन में बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही तथा लोगों ने शासन की योजनाओं का लाभ लेकर संतोष व्यक्त किया।

### आवेदन देते ही कौशिल्या साहू को मिला आयुष्मान कार्ड



**बलौदाबाजार।** राज्य शासन के मंशानुरूप आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आयोजित किए जा रहे सुशासन तिहार शिविर हितग्राहियों के लिए बेहद मददगार साबित हो रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के ग्राम पंचायत मोहतरा में 6 मई को आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में एक सुखद तस्वीर सामने आई, जहां ग्राम की निवासी कौशिल्या साहू को उनके आवेदन पर तत्काल आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। शिविर में अपनी स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को लेकर पहुंची कौशिल्या साहू ने जैसे ही आयुष्मान कार्ड के लिए अपना आवेदन प्रस्तुत किया, प्रशासन द्वारा सक्रियता दिखाते हुए मौके पर ही उनके नाम से कार्ड जारी करने की प्रक्रिया पूर्ण कर उन्हें कार्ड सौंप दिया गया। हाथों-हाथ आयुष्मान कार्ड मिलने पर कौशिल्या साहू के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पहले छोटे-छोटे कार्यों के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन सुशासन तिहार के माध्यम से अब सरकार खुद चलकर ग्रामीणों के द्वार तक पहुंच रही है। त्वरित न्याय और सुविधा मिलने पर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्ड उनके परिवार के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी लेकर आया है।

# समाधान शिविर में हितग्राहियों को बांटी गई सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



- राजस्व मामलों सहित लंबित प्रकरणों का मौके पर समाधान
- पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ

राज्य शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं क़ी उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत नवागांव में जनसमस्या निवारण समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं जनपद सदस्य जिला सदस्य सरपंच जनप्रतिनिधियों द्वारा हितग्राहियों को विभिन्न योजना के तहत सामग्री, चेक और सम्मान पत्र दिया गया। खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड व चश्मा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा जॉब कार्ड, पीएम आवास योजना आवास क़ी चाबी, मछली पालन विभाग द्वारा दो महाजाल व आइस बॉक्स, उद्यानिकी विभाग द्वारा फलदार पौधे, समाज कल्याण विभाग द्वारा भारत माता वाहिनी को सीटी व छड़ी टीबी मुक्त गांव के सरपंच को महात्मा गांधी क़ी प्रतिमा, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बच्चों को स्पोर्ट्स किट वितरण किया गया। समाधान शिविरों के जरिए मौके पर ही फाइल तैयार हो रही है और तुरंत निपटारा भी किया जा रहा है इसमें नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे राजस्व मामलों के साथ साथ मनरेगा की लंबित मजदूरी, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, बिजली, ट्रांसफार्मर और पेयजल, आधार कार्ड, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन, पेंशन, श्रम कार्ड, जैसी विभिन्न विभागों के योजनाओं से लाभ लेने विशेष रूप से शामिल किया गया है। इन शिविरों में केवल आवेदन स्वीकार करने तक सीमित नहीं है बल्कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिया जाएगा और प्रत्येक आवेदन का अधिकतम एक महीने के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया गया है। शिविर में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने अपने विभागों की जानकारी देते हुए योजनाओं के बारे में बताया और योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया।

समाधान शिविर में आकर्षक सुशासन सेल्फी का निर्माण किया गया। शिविर में आने वाले ग्रामीण इसमें सेल्फी लेने उत्साहित नजर आये। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिशुवती महिलाओं को सुपोषण किट प्रदान किया गया।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ कैम्प भी लगाया गया था। तेज गर्मी को देखते हुए इस कैम्प में ओआरएस घोल क़ी भी व्यवस्था क़ी गई थी। शिविर में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, किसान नेता अनिल पाण्डेय, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे, मंडल अध्यक्ष चंद्रमणी तिवारी, जिला सदस्य दीप्ती गोविन्द वर्मा, शशि आनंद बंजारे, सरपंच नीरा धर्मेन्द्र कोसले, भाजपा नेता मनोज टोंडे, जनपद सदस्य खोमलाल साहू, जीत त्रिलोक कुर्रे, बबलू पटेल, सरपंच कमलेश यदु, मालती चुरावण साहू, महेश मिरी, रंजीत सोनवानी, कामनी जीवन साहू, सहित सरपंच, अधिकारी -कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# समाधान शिविर में गूंजा राशन दुकानों का मुद्दा




- पार्षद ने हर दिन दुकान खोलने की उठाई मांग

**बिलाईगढ़।** जिले के नगर पंचायत पवनी में गुरुवार को सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना गया। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया, वहीं कई मामलों का मौके पर ही निराकरण भी किया गया।

इस दौरान वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद करण साहू ने नगर में संचालित सरकारी राशन दुकानों की अव्यवस्था को लेकर खाद्य विभाग के अधिकारियों को आवेदन सौंपा। उन्होंने महिलाओं को हो रही परेशानियों का उल्लेख करते हुए मांग की कि नगर की सभी राशन दुकानों को माह में नियमित रूप से प्रतिदिन खोला जाए। साथ ही राशन दुकानों की संख्या बढ़ाने एवं प्रतिमाह शक्कर वितरण सुनिश्चित करने की भी मांग की।

पार्षद करण साहू ने बताया कि नगर पंचायत पवनी में वर्तमान में केवल तीन सरकारी राशन दुकानें संचालित हैं। दुकानों के अनियमित खुलने के कारण महिलाओं की लंबी भीड़ लग जाती है। कई बार उपभोक्ताओं को 4 से 5 दिनों तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है, जिससे विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती है।

उन्होंने कहा कि राशन वितरण के दौरान केवल ओटीपी और फिंगर प्रक्रिया पूरी कर राशन बांटा जाता है, जिससे महिलाओं को भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने खाद्य विभाग से स्थायी समाधान की मांग की।

खाद्य विभाग से पहुंचे सहायक खाद्य अधिकारी अमित शुक्ला ने आवेदन प्राप्त कर समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। समाधान शिविर में नगर उपाध्यक्ष नंद कुमार साहू, पार्षद नंदलाल साहू, रामकृष्ण साहू, गणेश साहू, कमलेश साहू, अरुण साहू, लीलांबर साहू, पार्षद प्रतिनिधि अमित साहू, पिंटू



# सरकार पहुंची जनता के द्वार, संवाद से समाधान की दिशा में बड़ा कदम

**खरोरा।** ग्राम ताराशिव में सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत ताराशिव में जनसमस्या निवारण शिविर संवाद से समाधान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल मुख्य रूप से शामिल हुए और ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। साथ ही पात्र लाभार्थी हितग्राहीओं को शिविर में सबंधित विभाग द्वारा बैटरी चलित ट्राई साइकिल, बीज, प्रधानमंत्री आवास, स्वास्थ्य निरीक्षण कर आयुष्मान कार्ड आदि सामग्री वितरण किया गया।कार्यक्रम में अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र को साकार करने के लिए सतत कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और प्रभावी तरीके से पहुंचे।उन्होंने बताया कि आज अधिकारी-कर्मचारी गांव-गांव पहुंचकर आमजन की समस्याओं को सुन रहे हैं और विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी स्टॉल के माध्यम से उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे पात्र हितग्राहियों को सीधा लाभ मिल सके। यह पहल शासन और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत कर रही है।

अग्रवाल ने कहा कि यह पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि सुशासन तिहार के माध्यम से सरकार स्वयं जनता के द्वार पर पहुंचकर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण कर रही है। उन्होंने बताया कि 1 मई से 10 जून तक पूरे छत्तीसगढ़ में यह अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री स्वयं भी आमजन से सीधे संवाद कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं जन्म से लेकर जीवन के अंतिम पड़ाव तक हर वर्ग के लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से बनाई गई हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन, जिला पंचायत सभापति स्वाति वर्मा, 21 गांवों के सरपंच, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### 3.55 करोड़ की ...

में सावरा डेरा से लेकर कोकड़ी पुल तक लगभग 7 किलोमीटर क्षेत्र में लाइनिंग कार्य कराया जा रहा है। इस परियोजना की स्वीकृत लागत करीब 355.11 लाख बताई जा रही है। निर्माण कार्य का जिम्मा बिलासपुर के एक ठेकेदार को सौंपा गया है।

**भूजल रिचार्ज प्रभावित होने की आशंका:** ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि नहर को संकरा किए जाने से किनारे की खाली पड़ी भूमि पर भविष्य में कब्जे और सड़क निर्माण की संभावना बढ़ जाएगी। लोगों ने आशंका जताई कि इससे भू-माफिया और रसूखदारों को लाभ मिल सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे निर्माण कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने की मांग की है। हालांकि विभाग की इस सफाई के बावजूद स्थानीय लोगों में नाराजगी बनी हुई है। नागरिकों का कहना है कि सिंचाई और जल संरक्षण की मूल भावना से समझौता कर विकास कार्यों को अंजाम देना उचित नहीं है।

### हत्या के आरोप...

आरोपी से बरामद लोहे के दाव से अपराध सिद्ध होता है। न्यायालय ने अभियोजन पक्ष के तर्कों एवं प्रस्तुत साक्ष्यों को पर्याप्त मानते हुए आरोपी विद्याचरण को धारा 109(1) एवं 3(5) बीएनएस के तहत सात वर्ष के कठोर कारावास एवं दो हजार रुपए जुर्माना, वहीं आयुध अधिनियम के तहत एक वर्ष के कठोर कारावास एवं 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। सहआरोपी धनीराम को उसकी अधिक आयु को ध्यान में रखते हुए एक वर्ष के कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया। दोनों आरोपी घटना दिनांक से ही जेल में निरुद्ध हैं।

### पटरीपार करने वाले ...

कब्जा करने वाले 63 लोगों पर प्रतिव्यक्ति 500 रूपये जुर्माना किया गया। वहीं स्टेशन परिसर में गदंगी करने वा 188 लोगों से 100 रूपये प्रतिव्यक्ति फाइन किया गया। विदित हो कि बिलासपुर जोन के जीएम का 9 मई को यहां आना प्रस्तावित है। वे लगभग 1.30 मिनट पूरे रेल्वे परिक्षेत्र का सघन निरीक्षण करेंगे। उनके इस निरीक्षण दौरान को लेकर रेल्वे के हर क्षेत्र को बारीकी से देखा जा रहा है। काफी समय बाद रेल्वे के जीएम यहां प्रवास पर आ रहे हैं।

**प्लेटफॉर्म पर चौबीस घंटे निगरानी:** वहीं अलग-अलग समय पर आरपीएफ द्वारा पूरे चौबीस घंटे प्लेटफार्म पर सतत निगरानी करते हैं। खासकर ट्रेन आने के समय खासकर उन लोगों पर निगरानी रखी जाती है, जो सीधे ट्रेन से उतरकर पटरी पार करते हैं और अपनी जान जोखिम में डालते हैं, क्योंकि पटरी पार करते समय उन्हें अंदाजा नहीं रहता की कौन सी ट्रेन कब आ जाये, इसलिए ऐसे लोगों पर तुरंत कार्रवाई की जाती है।

### खरीदी केंद्र स्टॉक...

समिति के अधिकारी एवं पदाधिकारी की सहमति से लगभग 600 बोरी धान को बलात ले जाया गया। जिससे सिद्ध होता है कि उपस्थित समिति के अधिकारी व पदाधिकारी का इस प्रकरण में संलिप्ता है। जो कि एक गंभीर अपराध है। जिस पर जांच कार्यवाही की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा सरकार के सुशासन तिहार शिविर में शिकायत पत्र दिये जाने की तैयारी की जा रही है।

### झुमका के सुशासन तिहार शिविर में शामिल होंगे प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा



**गोपालपुर।** जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में 8 मई को सुशासन तिहार शिविर बिलाईगढ़ ब्लॉक के बलौदी क्लस्टर के ग्राम पंचायत झुमका के स्कूल परिसर में अपरान्ह 3 से शाम 6 बजे तक आयोजन किया जाएगा। इसमें ग्राम बछौरडीह, बम्हनपुरी, चकरदा, झुमका, कोदवा, मधाईभांठा, मोहतरा स, पिकरीपाली, सेन्दूरस, तिलाईपाली, बलौदी, बालपुर, जैतपुर, कोसमकुण्डा, कोट, ओडकाकन, पण्ड्रीपाली, पेण्ड्रावन, सरधाभांठा, टिहलीपाली अमोदी, चोरभट्ठी, मनपसार, मुड़पार शामिल हैं।

इसमें जिले के नागरिक अपनी मांग, सुझाव और शिकायत प्रशासन को दे सकते हैं। सुशासन न तिहार 10 जून के मध्य जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जायेगा।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# स्टेशन वार्ड स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए 105.96 लाख की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के प्रयास से संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, छत्तीसगढ़ द्वारा स्टेशन वार्ड (सर्कस मैदान) स्थित स्टेडियम के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 105.96 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भाटापारा के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए गुणवत्तापूर्ण खेल परिसर उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्टेडियम केवल खेल का मैदान नहीं, बल्कि शहर की युवा प्रतिभाओं के सपनों को नई दिशा देने वाला केंद्र बनेगा।

अध्यक्ष शर्मा ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए विष्णु देव साय, अरुण साव, बृजमोहन अग्रवाल एवं शिवरतन शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग एवं मार्गदर्शन से भाटापारा निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है।

अश्वनी शर्मा ने कहा स्टेशन वार्ड सर्कस मैदान स्थित स्टेडियम का जीर्णोद्धार कर उसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाए। हमारा प्रयास रहेगा कि स्टेडियम का विकास उच्च गुणवत्ता के साथ हो और आने वाले समय में भाटापारा खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बने।

## नगर को आधुनिक खेल सुविधा की मिली सौगात

**खास बातें**

- नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के प्रयासों को मिली बड़ी सफलता
- विष्णु देव साय, अरुण साव, बृजमोहन अग्रवाल और शिवरतन शर्मा का जताया आभार

### खिलाड़ियों और युवाओं में खुशी

इस स्वीकृति से नगर के खिलाड़ियों, युवाओं एवं खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। लंबे समय से स्टेडियम के उन्नयन की मांग की जा रही थी, जिसे अब शासन की स्वीकृति मिलने के बाद शीघ्र ही मूर्त रूप दिया जाएगा। स्वीकृत राशि से स्टेडियम के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ उसे आधुनिक खेल सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास एवं प्रतियोगी वातावरण मिल सके।



### जल्द शुरू होगी निविदा प्रक्रिया

उन्होंने बताया कि नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा आदेश जारी होने के बाद अब जल्द ही निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा निर्धारित समय सीमा के भीतर स्टेडियम का कायाकल्प कर जनता को समर्पित किया जा सके।

## मोर गांव, मोर पानी अभियान अंतर्गत 87 हजार से अधिक जल संचयन संरचनाएं निर्मित

# मोर गांव, मोर पानी अभियान, वर्षा जल सहेजकर भू-जल स्तर बढ़ाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षित करने और गिरते भू-जल स्तर को बचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई मुहिम अब धरातल पर बड़े सकारात्मक परिणाम दिखा रही है। प्रशासन की दूरदर्शी सोच और जन-भागीदारी के समन्वय से जिले ने जल संचयन एवं संवर्धन के क्षेत्र में देश भर में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए संचालित 'मोर गांव, मोर पानी' अभियान 2.0 एक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। इस महत्वाकांक्षी अभियान के अंतर्गत अब तक जिले के 722 गांव,517 ग्राम पंचायत, 9 नगरीय क्षेत्र में 87137 जल संचयन संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इनमें सोख्ता गड्ढे, चेक डैम, तालाबों का गहरीकरण और रूफ-टॉप हार्वेस्टिंग जैसे कार्य शामिल हैं। इन संरचनाओं के माध्यम से बारिश के पानी को बहकर व्यर्थ जाने से रोककर सीधे जमीन के भीतर उतारा जा रहा है।

प्रमुख जल संचयन संरचना निर्माण कार्य - कैच द रैन-जल शक्ति अभियान 2.0 जल शक्ति अभियान के तहत जिले में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कुल 87173 कार्यों का जेएसए-सीटीआर पोर्टल में प्रविष्टि किया गया है। रैन वाटर हार्वेस्टिंग, सोक पीट 61831 कार्य,डबरी, कुंआ, तालाब, रिचार्ज पिट, डब्ल्यूएटी,एससीटी 7803 कार्य,जल संसाधन विभाग द्वारा एनीकट, स्टॉप डेम, डायवर्सन, जलाशय, नहर 21 कार्य,वन विभाग(कैम्पा) द्वारा एलबीसीडी, एससीटी, गाबिन, चेक डेम 15259 कार्य,कृषि विभाग द्वारा बोरवेल रिचार्ज,सोक पिट,ट्रेंच 1153 कार्य,अर्बन फंड द्वारा रैन वाटर हार्वेस्टिंग 1034 कार्य,सीएसआर मद द्वारा तालाब गहरीकरण, आरडब्ल्यूएच, ट्रेंच, चेक डेम 72 कार्य, अमृत सरोवर एवं नवीन तलब 51 शामिल है।प्रशासन का संकल्प- जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण की यह प्रक्रिया सतत रूप से जारी रहेगी। आगामी मानसून से पहले 1 लाख से अधिक संरचनाओं को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है ताकि जिले के प्रत्येक गांव को जल के मामले में आत्मनिर्भर बनाया जा सके।







### जल प्रबंधन में जिले को राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान

राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि- जल प्रबंधन के क्षेत्र में किए गए विभिन्न संरचना निर्माण में राष्ट्रीय स्टर पर जिला वर्तमान में जिला तीसरे स्थान पर है। यह उपलब्धि न केवल प्रशासन की कार्यकुशलता को दर्शाती है, बल्कि क्षेत्र के किसानों आम नागरिक एवं गांव में गठित जल संचय वाहनी क्री सक्रिय सहयोग का भी परिणाम है। इसके साथ ही जल संचय को जन आंदोलन का स्वरुप देकर लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। भू-जल स्तर में सुधार और कृषि को लाभ- व्यापक स्तर पर बनी इन संरचनाओं के कारण क्षेत्र के भू-जल स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा। इसका सीधा लाभ रबी और खरीफ दोनों फसलों के दौरान किसानों को मिलेगा। सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता बढ़ने से कृषि उत्पादकता में वृद्धि की उम्मीद है।

# जिले में नेशनल लोक अदालत कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अधीनस्थ न्यायालय से उच्च न्यायालय तक के सभी न्यायालयों में शनिवार 9 मई को इस वर्ष का द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किए जाएंगे। इस संबंध में न्यायालयों में पंजीकृत प्रकरणों के दोनों पक्षकारों को कोर्ट द्वारा मध्यस्थता की सूचना जारी किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी ली जा सकती है।




- राजीनामा योग्य केस सहित बिल भुगतान और जुर्माना को खत्म करने का अवसर

नेशनल लोक अदालत के संबंध में सबंधित व्यक्ति माननीय न्यायालय, राजस्व विभाग के कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार के माननीय न्यायालय, समस्त बैंक, पुलिस विभाग, नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत, बीएसएनएल, विद्युत विभाग आदि के पेंडिंग कर और बिल भुगतान कर सकते हैं। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकरण के लिए दाण्डिक राजीनामा योग्य प्रकरण, चेक बाउन्स वाले मामले, बैंक रिकवरी अर्थात प्री-लिटिगेशन प्रकरण, मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रकरण, मेन्टेनेन्स धारा के प्रकरण, परिवार न्यायालय से संबंधित प्रकरण, श्रमिक प्रकरण, जमीन विवाद प्रकरण, विद्युत प्रकरण, जलकर प्रकरण, सम्पत्ति कर, टेलीफोन प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को नियत किया गया है और उपस्थित पक्षकारगण के मध्य उपजे विवाद को वैकल्पिक समाधान के तहत लोक अदालत में उनके मध्य राजीनामा की सम्भावनाओं को तलाश करते हुए निराकरण किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### पैरा कट्टी मशीन में हाथ फंसने से युवक की मौत

सिमगा। शिव कुमार निषाद 42 वर्ष दुलदुला निवासी जो पैरा कट्टी मशीन चलाने का कार्य करता था। वह अपने पैरा कट्टी मशीन ट्रैक्टर को किराया पर लेकर प्रातः 7 बजे के लगभग बनसांकरा निवासी प्रेमु साहू के बोर बारी खेत में अपने पैरा कट्टी मशीन से पैरा काटने पहुंचा था। अचानक पैरा काटने समय शिव निषाद का दोनों हाथ पैरा के साथ फस जाने से मशीन के अंदर उसका हाथ सहित उसका शरीर खिचा गया, जिससे दोनों हाथ के कलाई के पास से कई भागों में कट गया। वह सिर एवं चेहरे पर भी जिसके चलते शिव निषाद की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रार्थी दिलीप निषाद की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

### कलेक्टर से हुई ग्राम विकास पर चर्चा



**पलारी।** जिले के कलेक्टर कुलदीप शर्मा से सौजन्य मुलाकात कर पलारी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बिनौरी में विभिन्न विकास कार्य की चर्चा के साथ ही गांव को स्वच्छ रखने सहित शासन के योजनाओं को सही तरीके क्रियावन करने के सार्थक बात हुई। इस अवसर पर पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पलारी एवं सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू व पूर्व नगर पंचायत पार्षद पलारी राजेन्द्र साहू उपस्थित थे।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर आज

**बलौदाबाजार।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर 8 मई को जिला अस्पताल बलौदाबाजार में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित यह रक्तदान शिविर जिला अस्पताल के ब्लड बैंक शाखा में प्रातः 10 से अपरान्ह 4 बजे तक चलेगा। कलेक्टर एवं जिला रेडक्रॉस समिति के अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने जिले वासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक लोग इस शिविर में शामिल होकर महादान के इस पुनीत कार्य में भागीदार बनें।

## निधन

### रमेश दास



सिमगा। नगर के सेवानिवृत्त शिक्षक रमेश दास 76 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मसीही कब्रिस्तान में आज गुरुवार को किया गया। वे सिमगा नगर पालिका के पार्षद एवं सभापति अविनाश दास, विकास, प्रशांत दास के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में नगर व क्षेत्र के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

### कालीबाई कश्यप



**गिधौरी।** ग्राम नवीन अमलीडीह निवासी कालीबाई कश्यप का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को ग्राम के मुक्ति धाम किया गया। वे कांग्रेसी नेता शिवप्रसाद कश्यप एवं कुमार कश्यप, राजेंद्र कश्यप का माताजी है। उनका अंतिम संस्कार में स्वाजाति बंधु एवं ग्राम वासी भारी संख्या में उपस्थित थे तथा मृत आत्म के शांति के लिए प्रार्थना किए।

# दुकानों में मादक पदार्थों की बिक्री 6050 रुपए की चलानी कार्रवाई



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 27 अप्रैल से 11 मई तक 15 दिवसीय सघन जांच अभियान सही दवा शुन्द्ध आहार यही छत्तीसगढ का आधार थीम अंतर्गत जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्थित 44 दुकानों में कोटपा अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही करते हुए 6050 रूपये राशि का चालान काटा गया।

चालानी कार्यवाही के दौरान दुकानों को तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों के रख-रखाव एवं धूम्रपान निषेध का बोर्ड प्रदर्शित करने का निर्देश दिए है। इस दौरान पान ठेलों के संचालकों को नाबालिकों को तंबाकू उत्पाद का विक्रय न करने हेतु एवं शिक्षण संस्था के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद नहीं बेचने हेतु सख्ती से निर्देशित किया गया। कार्यवाही में संयुक्त टीम में खाद्य एवं औषधि विभाग एवं पुलिस विभाग उपस्थित रहे।

# ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में हुए कई निर्णय



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

कांग्रेस पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल की अध्यक्ष दयाराम वर्मा ने की। बैठक में क्षेत्रीय विधायक संदीप साहू एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे। बैठक के दौरान संगठन को मजबूत करने, आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करने तथा जनसमस्याओं के निराकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक संदीप साहू, अध्यक्ष दयाराम वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता के हितों के लिए कार्य करती रही है और आगे भी जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध रहेगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय बनाकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने भी अपने-अपने विचार रखे और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया। बैठक में गोविंद मिश्रा, खुशीलाल साहू, पंकज जायसवाल, चंदराम निषाद, गायत्री कैवर्तय, लक्ष्मी साहू, लक्ष्मी कुरूवंशी, विशाल खुसरो, योगेश बंजारे, खिखराम, चंदन साहू, द्वारका निर्मलकर, कमल पटेल, राजेश कनोजे, अशोक पटेल, रूद्र शंकर कैवर्तय, चंद्र प्रकाश साहू, प्रकाश सिंह क्षत्रिय, पेखन, चेतन पैकरा, नविन मानिकपुरी, संतोष देवदास आदि कांग्रेस जन में उपस्थित रहे ।

- विधायक संदीप साहू एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति

# कॉलेज में पत्रकारिता प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में हिंदी द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों हेतु "इंटर्नशिप एवं पत्रकारिता प्रशिक्षण कार्यक्रम" का शुभारंभ 7 मई से किया गया। यह प्रशिक्षण 14 मई तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें पत्रकारिता कौशल के साथ-साथ भाषाई दक्षता विकसित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र के कुशल नेतृत्व में तथा हिंदी विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक सुनीता विक्रम कोशले एवं सह-संयोजक रेशम चौहान के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। प्रशिक्षण में बिलाईगढ़ एवं शासकीय महाविद्यालय भटगांव के संयुक्त छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे हैं। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस विद्यार्थियों को पत्रकारिता के मूल स्वरूप, उसकी सामाजिक उपयोगिता एवं वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता से अवगत कराया गया। साथ ही भाषा कौशल के अंतर्गत सामान्य भाषागत त्रुटियों पर विशेष चर्चा करते हुए प्राचार्य डॉ. मिश्र ने विद्यार्थियों को परिनिष्ठित एवं मानक हिंदी भाषा के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक सुनीता विक्रम कोशले ने पत्रकारिता के विविध आयामों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को लेखन, अभिव्यक्ति एवं संवाद कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की छात्रा चांदनी एवं भटगांव महाविद्यालय की छात्रा अमिता ने आभार व्यक्त किया।

## राहगीरों और ग्रामीणों को मिल रही ठंडे पेयजल की सुविधा

# आद्या शक्ति महिला उत्थान संस्था, खोला पियाऊ घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

प्रदेश में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से आद्या शक्ति महिला उत्थान एनजीओ द्वारा सराहनीय पहल की गई है। संस्था की टीम ने कसडोल नगर में पियाऊ घर संचालित करते हुए 10 नग मिट्टी के घड़े वितरित किए, ताकि राहगीरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।



इन दिनों छत्तीसगढ़ में तापमान लगातार बढ़ रहा है और गर्म हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोग पेयजल के लिए इधर-उधर भटकते नजर आ रहे हैं।

इस स्थिति को देखते हुए संस्था द्वारा शुरू किया गया पियाऊ घर लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हो रहा है। नगर में संस्था की इस पहल की व्यापक सराहना हो रही है।

उन्होंने कहा कि संस्था भविष्य में भी जरूरतमंदों और असहाय लोगों की सहायता के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। संस्था का उद्देश्य पूरी तरह सामाजिक सेवा है और यह किसी भी राजनीतिक दल से जुड़ी नहीं है।

पियाऊ घर संचालन कार्यक्रम के दौरान संस्था की संचालिका लक्ष्मी साहू, अध्यक्ष चंद्रलेखा मिश्रा, सचिव रामेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष किरण वाढ़ई, मीडिया प्रभारी ममता साहू, कोषाध्यक्ष हेमलता साहू, वेदिका साहू, आशादास मनिकपुरी, सरोजनी साहू, नैना मिश्रा, यमुना मराठा, खीर बाई मराठा, कमलेश्वरी साहू, हेमलता मालाकार, सुमन मिश्रा, लीजा मिश्रा एवं पिंकी साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

### दो गरीब बेटियों का कराया विवाह

संस्था की अध्यक्ष चंद्रलेखा मिश्रा ने बताया कि आद्या शक्ति महिला उत्थान एनजीओ का गठन गरीब, असहाय एवं पीड़ित महिलाओं के उत्थान और सामाजिक सेवा के उद्देश्य से किया गया है। संस्था समय-समय पर सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाती रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में संस्था द्वारा दो गरीब बेटियों का विवाह संपन्न कराया गया, वहीं एक जरूरतमंद परिवार के मकान का जीर्णोद्धार भी कराया गया है। इसके अलावा वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों को मौसम अनुरूप कपड़े एवं फल वितरित किए जाते रहे हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com




21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411